भी यही मांग है। मैं उनकी मांगों का पूर्ण समर्थन करते हुए यह कहना चाहूंगा कि उनके लिए, जो सुविधायें अन्य स्पांसर बैंकों को मिल रही हैं, वह उनको भी मिलें और सिक्सथ बाइपार्टाइट वेज सेटलमेंट को लागू करने की व्यवस्था की जाए और प्राइस इंडेक्स लिंक्ट पेंशन स्कीम लागू की जाए। साथ ही उनका जीवन स्तर सुधारने के लिए नये वेतनमान जल्दी से जल्दी लागू किए जाएं।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (राजस्थान): उपसभाध्यक्ष महोदय, ग्रामीण बैंकों के कर्मचारी और अधिकारी आज फिर से सदन का दरवाजा खटखटा रहे हैं। साढ़े तीन साल पहले भी ये लोग यहां आए थे और उन्होंने धरना दिया था। उस समय जब लोकसभा में इस पर सवाल उठाए गए तो कई प्रमुख लोगों ने, जो आज सरकार में हैं या सरकार का सहयोग कर रहे हैं, उन्होंने उनकी मांगों का समर्थन किया था। मैं नाम गिनाना नहीं चाहता, श्री चटर्जी, श्री श्रीकांत जेना और श्री चाकू, और भी कई बड़े-बड़े नेता थे। उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि नेशनल रूरल बैंक in rural areas can advance beyond 40 per cent and would be a source of profit compared to the other commercial banks. Let them come forward with a Bill for establishing this National Rural Bank of India. आज सरकार में यह लोग मौजूद हैं। आज दुबारा फिर से ग्रामीण बैंक के सारे लोग यहां पर हैं। मैं चाहता हूं कि सरकार की तरफ से आज यह घोषणा हो कि वह नेशनल रूरल बैंक्स के बारे में कब यहां बिल लाना चाहती है। अफसोस की बात है कि इसको पीछे डालकर लोकल बनाने की स्कीम घोषित की गई है। अब लोकल एरिया बैंक एक प्रकार से ग्रामीण क्षेत्रों का पैसा निकालकर शहरी क्षेत्रों में लें जाकर जमा कर देंगे या वहां लगा देंगे। मैं समझता हूं कि इस लोकल एरिया बैंकों की स्कीम को खत्म कर देना चाहिए, अगर हम वास्तव में नेशनल रूरल बैंक आफ इंडिया को एस्टेबिलश करने के पक्ष में है।

दूसरी बात मेरी यह है कि 14 फरवरी, 1995 को बैंकिंग उद्योग ने छठा वेतन समझौता किया था। परन्तु ग्रामीण बैंकों में इसको लागू नहीं किया गया। तर्क दिया गया कि वहां घाटा हो रहा है। मैं सरकार के सामने यह सवाल रखना चाहता हूं कि सार्वजनिक बैंक भी घाटे में चल रहे हैं। अगर उनके इम्पलाईज पर छठा वेतन आयोग का समझता लागू हो गया है तो ग्रामीण बैंकों के कर्मचारियों पर यह लागू क्यों नहीं किया गया? मैं चाहता हूं कि सरकार इ प्रश्न पर गंभीरता से विचार करे और ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों को भी छठे वेतन समझौते के अनुसार तनख्वाह और सुविधायें प्रदान करे। बहुत बहुत धन्यवाद।

श्री सोमपाल (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, जो मुद्दा अभी माननीय भंडारी जी ने उठाया है, मैं भी उसका समर्थन करता हूं। ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण के व्यवस्था इतनी खराब है कि उसके जो कृषि इतर क्षेत्र हैं, उनके साथ ऋण देने में जो व्यवहार किया जाता है, बैंकों द्वारा, सार्वजनिक बैंकिंग प्रणाली द्वारा जमीन आसमान का अतर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उसकी प्रक्रियायें भी इतनी जटिल हैं कि उसका बहुत विस्तृत विवरण है, उसके लिए ज्यादा समय चाहिये, इसलिए मैं आपका ज्यादा खराब नहीं करना चाहता हूं। मैं उनका समर्थन करना चाहता हूं। पिछली सातवीं और आठवीं पंचवर्षीय योजना में सारी बैंकिंग प्रणाली ने जितना ऋण विकास के लिए दिया, उसका केवल 13 या 14 प्रतिशत गांवों में दिया गया। अगर आप उनकी सी०डी० रेश्यों देखें, जितना जमा होता है, जितना उसके बाद ऋण दिया जाता है, जितनी भी बैंकों की ग्रामीण शाखायें हैं, उनकी सी०डी० रेश्यों खराब है और शहरों में और कृषि इतर क्षेत्रों में बहुत अच्छा है। कहीं कहीं तो यह 100 प्रतिशत के ऊपर 117, 137 प्रतिशत तक है। जमा राशि गांवों की ब्रांचें ज्यादा ले आती हैं और कर्ज उनके कम दिया जाता है। रिज़र्व बैंक ने उनके लिए केवल 18 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित किया था। ऐसा कोई राष्ट्रीयकृत बैंक नहीं है, एकाध को छोड़ कर, जिसने 18 प्रतिशत का लक्ष्य कभी किसी एक बिन्दु के ऊपर प्राप्त किया हो। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि ग्रामीण क्षेत्रों की ऋण व्यवस्था को बिलकुल सुधरा और सुथरा रुप देने के लिए इन ग्रामीण बैंकों का एक अलग ढ़ांचा बनाए जाने की जो बात भंडारी जी ने कही है, उनको क्रियान्वित करने के लिए सरकार प्रभावी कदम उठाए। धन्यवाद।

REÄ REPORTED STATEMENT BY COMMERCE SECRETARY, CONFIRMING INDIA'S DECISION TO UP-GRADE INTELLECTUAL PROPERTY RIGHTS IN ACCORDANCE WITH WORLD STANDARDS

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bengal) : Sir, while our Minister of Commerce is doing a commendable job in Singapore, at this moment, defending our position against the western governments' pressure to bring in labour standards, investment policies and all that, which we welcome, I find that from his department, certain other policies are enanating which are not in conformity with the position which this particular House has taken in the past or with the decisions declared by the Government in the past or even in terms of the Common Minimum Programme. I have nothing to say against a civil servant. I am assuming that the civil servant is speaking on behalf of the Government and is enunciating its policies. Shri Tejendra Khanna who is the Commerce Secretary has recently come out with a number of statements. I am opposed to both the substance and the language used. For exam-

ple, he is saying that the patent laws have received attention at the highest political level. We have rejected the patent laws in this House.

HE VICE-cHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI) : Please be brief. I know. I have seen this statement. I share your feelings.

DR. BIPLAB DASGUPTA : Sir, there are a number of important issues arising. When has it been decided that the patent law would be considered? If that has been so, why has not the policy change been announced to us? *(Interruption)*

SHRIMATI MARGARET ALVA (KARNATAKA) : Sir, please pardon me. All along, we have been objecting that at the Zero-Hour, unless a Cabinent Minister is present here when important issues are raised .....*(Interruptions)*.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOK NATH CHATURVEDI) : Mr. Verma is here. .....*(Interruptions)*.

SHRIMATI MARGARET ALVA: Nobody seem to be responding. Nobody seems to be bothered.

उपसभाध्यक्ष : (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) : वर्मा जी कभी कभी पेंसिल हाथ में ले लिया करिये (व्यवधान) वैसे तो ध्यान रखते हैं।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): Sir, when Mrs. Margaret Alva was on the other side, we rarely had an occasion when the ho. Minister responded to any of the important questions raised.

SHRIMATI MARGARET ALVA: I am talking about your insistence, when you were here, that a Cabinet Minister should be here. Who is on duty here? (*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHARURVEDI): Let him finish .....*(Interruptions)*.

Mr. Mukherjee, your party man is speaking. Please, allow him. It is a very important point.

संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा) : अभी हम सुन भी रहे हैं सब लोगों व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) : वर्मा जी सुन रहे हैं।

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE (West Bengal): She is wasting the time of the House when the Cabinet Minister is here.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI) : He was not so conspicuous. You are conspicuous.

DR. BIPLAB DASGUPTA : Let me go back to the very important issue which has arisen. My question is whether on the patent law the Government has taken a position. If the Government has taken a position, that should be communicated to Parliament before publicising through the Press. Then, another point is, this particular statement of the civil servant says that the Government is trying to bring the Indian laws governing the Intellectual Properties to the international standards.

Now, I am objecting to the language used. If he said that the Government is revising the intellectual property rights to conform to the WTO standards, that I could understand. To say that we are trying to bring it up to the standards, what does this mean? It means that we have downgraded the law, and now we are upgrading the law. It has certain implications. If further says—the most damaging part of it—that a political education process is on so that the intellectual property rights are accepted by the Indian politicians. Are we born to be educated by somebody? .....*(Interruptions)*..

THE VIC-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): The Commerce Secretary, Mr. Tejinder Khanna. .....*(Interruptions)*.

DR. BIPLAB DASGUPTA: Sir, are we fools? Are we so inferior human beings that anyone from outside will come and lecture to us? On the Enron

issue also, the same thing happened. There was an education budget. Everybody is educating us. I strongly object to it. This type of language should not be permitted to be used, certainly not by civil servants.

Lastly, where was this statement made? It was not made to the Press. It was made to the Indo-US Joint Business Council. Now, is this the statement meant to appease the Americans? *.....(Interruptions).* It was made in Delhi. *.....(Interruptions).* Should we be appeasing them? Should we become supplicants to them? What is our role? The substance of the statement and the language used is not in good taste and I would like to know whether there has been any policy change. If it is so, why was this matter not brought before Parliament first? In fact, this issue was discussed in this House last year and we rejected it. We had already rejected the proposal. I do not know why this issue is being raked up now. I strongly object to it. Thank You.

SHRI SATISH AGARWAL (Rajasthan): Mr. Vice-Chairman. Sir, thank you very much for giving me an opportunity to speak. Without elaborating further on the point. I only associate myself with the sentiments expressed by Dr. Biplab Dasgupta. He has raised a very important issue. This House is well aware that India's Patent (Amendment) Bill was passed by Lok Sabha but was not passed by Rajya Sabha. It is still in cold storage because there was difference of opinion about the same. So, without taking the House into confidence, the Government should not go ahead with it and the civil servants should not be permitted to make statements either way—whatever they wish and whenever they wish.

THE VICE-CHIRMAN (SHRI TRILOK NATH CHATURVEDI: I think this is a very important matter and the House is very much concerned about it. There should be restraint on the language used and option on the substantive aspect of it. A proper forum should be used for making any policy statement in this regard. These feelings should be conveyed to the Government. *.....(Interruptions).*

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Sir, it is diarchy. The Minister is speaking one voice and the Secretary is speaking in another voice. Therefore, it is diarchy. No Government can function like this. *.....(Interruptions).*

SHRI JOHN. F. FERNANDES (GOA): Sir, let the Government clarify the stand. The Minister as well as the Secretary are involved.

विपक्ष के नेता (श्री सिद्दर बख्त) सदर साहब, मैं एक मिनिट लेना चाहता हूं। मैं इस बहस में ज्यादा नहीं पड़ना चाहता। मैं यह कहना चाहता हूं कि "जीरो अवर" में बेहद अहम सवालात उठाए गए हैं। मिनिस्टर साहबप के लिए श्रीमती मार्गरिस्ट आल्वा ने कहा था कि यहां तशरीफ रखते हैं या नहीं? अब तो एक कैबिनेट मिनिस्टर और आ गए हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि आखिर क्या मैकेनिज्म है कि जो सवालात जीरो अवर में उठाए जाते हैं, उन की अहमियत का क्या असर गवर्नमेंट पर होता है। ....(व्यवधान)..... मैं मौजदूगी से बढ़कर यह कहना चाहता हूं कि अहम-तरीन सवाल यहां उठाए जा रहे हैं और किसी किस्म का रिस्पांस नहीं आता है क्योंकि कोई मैकेनिज्म नहीं है उसका। कोई रिस्पांस तो आना चाहिए। सवालात तो उठाए जाते हैं, वह सिर्फ सिर के ऊपर से गुजर जाएं, उस से कुछ हासिल नहीं है। मेरा तो कहना यह कि कोई मैकेनिज्म इस किस्म का डिवाइस करना चाहिए कि गवर्नमेंट रिस्पांस तो करे उन सवालात को जो सवालात उठाए जाते हैं। मुझे सिर्फ इतना कहना है। सिर्फ मिनिस्टर के यहां मौजूद रहने से क्या होता है?

†اینتا وردھی دل شری سلکور بخت:
صدر صاحب۔ میں ایک منٹ لینا چاہتا ہوں۔
میں اس بحث میں زیادہ نہیں پڑنا چاہتا۔
میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ "زیرو آور" میں
بے حد اہم سوال اٹھائے گئے ہیں۔ منسٹر
صاحب کے شریمتی مارگریٹ الوا نے

†Transliteration in Arabic Script

کہا تھا کہ یہاں تشریف رکھتے ہیں یا نہیں۔
اب تو ایک لیجسلیٹو منسٹر اور آ گئے ہیں
میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ اسٹرکچرل میکینزم
ہے کہ جو سوالات زیرو آور میں اٹھائے
جاتے ہیں۔ ان کی اہمیت کا کیا اثر گورنمنٹ
پر ہوتا ہے۔ ... "مداخلت" ... میں
موجودگی سے بڑھکر یہ کہنا چاہتا ہوں کہ
اہم ترین سوالات یہاں اٹھائے جا رہے
ہیں اور کسی قسم کا ریسپانس نہیں
آتا ہے۔ کیونکہ کوئی میکینزم نہیں ہے
اس کا۔ کوئی ریسپانس تو آنا چاہئے۔
سوالات جو اٹھائے جاتے ہیں وہ صرف سر
کے اوپر سے گزر جائیں اس سے کچھ حاصل
نہیں ہے۔ میرا تو کہنا یہ ہے کہ کوئی میکینزم
اس قسم کا ریسپانس کرنا چاہئے کہ گورنمنٹ
ریسپانس تو کرے ان سوالات کو جو
سوالات اٹھائے جاتے ہیں۔ مجھے صرف
اتنا کہنا ہے۔ صرف منسٹر کے یہاں موجود
رہنے سے کیا ہوتا ہے۔

उपाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): मिनिस्टर साहब, यह जो सदन की भावनाएं हैं इन्हें आप कृपया कैबिनेट के पास पहुंचा दें क्योंकि जब पारदर्शिता, अकांटेबिलिटी और जवाबदेही की हम बात करते हैं तो ऐसे मसलों पर अवश्य कुछ-न-कुछ उस का उत्तर या जो माननीय सदस्य उस मामले को उठाते हैं उस को या सदन के सामने इस बारे में जानकारी देनी चाहिए।

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा) : उपसभाध्यक्ष जी, आप का जो निर्देश है, उस का पालन होगा।

RE: HUNGER-STRIKE BY DOORDARSHAN AND AIR STAFF

श्रीमती वीणा वर्मा (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आज मैं शून्यकाल के माध्यम से देश भर के आल इंडिया रेडियों और दूरदर्शन स्टाफ की एसोसिएशन की तरफ से जो स्टाफ मैंबर्स हंगर स्ट्राइक पर 5 दिन से बैठे हुए हैं अपनी जायज़ मांगों को लेकर, उनके विषय में कुछ कहना चाहती हूं। 10 और 11 तारीख उन्होंने ब्लैक डे मानने का भी विचार किया है और ब्लैक डे मना रहे हैं इस विरोध में कि उनकी पे पैरिटी का मसला कई वर्षों से चल रहा है दूरदर्शन के प्रोग्राम स्टाफ, टैक्नीकल स्टाफ और इंजीनियरिंग स्टाफ में पे-पैरिटी में फर्क है, उनके पे-स्केल में फर्क है। इंजीनियरिंग स्टाफ का 1978 से पे-स्केल बढ़ा दिया गया है लेकिन प्रोग्राम स्टाफ का नहीं, जिस पर कि प्रोग्राम बनाने का सारा दारोमदार है और हमारे सरकारी मीडिया का या सरकारी घोषणाओं का और सरकारी नितियों को आगे बढ़ाने का, सरकारी माध्यम के जो इंस्ट्रोई हैं खास तौर से प्रोग्राम स्टाफ और ट्रांसमीशिन स्टाफ के तो उनके पेस्केल नहीं बढ़ाए गए हैं।..... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) : बीणा जी, ऐसे विवरण में नहीं जाइये क्योंकि कई अन्य लोग भी अपने को इससे संबंधित करना चाहते हैं।

श्रीमती वीणा वर्मा : जी, मैं बिल्कुल सूत्र में ही कहूंगी। पिछले सैशन में यहां पर कई मैंबर्स मारग्रेट आल्वा और श्रीमती जयन्ती नटराजन जी ने भी यह सवाल उठाया था और मैंने भी एसोसिएट किया था। एक प्रश्न के जवाब में मंत्री जी ने भी यह स्वीकार किया था कि हां, उनकी जो पे पैरिटी की मांगें हैं वे जायज़ मांगे हैं। लेकिन अभी तक उस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया है। यह मामला फाइनांस मिनिस्टर के पास है जबकि यह मामला सिर्फ मिनिस्ट्री को तय करना है। आल इंडिया रेडियों और दूरदर्शन के दो सौ केन्द्रों में करीब 8 सौ के करीब पोस्ट्स हैं..... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) : पूरी मांगें यहां पर नहीं रखिए। देखिए आपने सरकार का ध्यान आकर्षित कर दिया है और वह इसे देखेगी। अब इसके उपरांत श्री सतीश प्रधान।

श्रीमती वीणा वर्मा : सर, मैं सिर्फ एक मिनट लूंगी। मैं कहना चाहती हूं कि उनकी जो पोस्ट्स हैं उनको भरा जाए। दूसरा प्रोग्राम स्टाफ ....**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) : वे सब महत्वपूर्ण बातें हैं जो आप कह रही हैं और जप वह